दिनांक – 16.09.2023

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना चिलकाना, सहारनपुर पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट के 01 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में मे वाछित अभियुक्तगणो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे, पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष श्री सत्येन्द्र कुमार राय के कुशल नेतृत्व थाना चिलकाना पुलिस द्वारा थाना चिलकाना पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 134/2023 धारा- 2/3 गैंगस्टर एक्ट के वाछित अभियुक्त **इरशाद उर्फ सादा पुत्र स्व0 वहीद निवासी ग्राम दुमझेडा थाना चिलाकना सहारनपुर** को ग्राम दुमझेडा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता:-**

अभियुक्त इरशाद उर्फ सादा पुत्र स्व0 वहीद निवासी ग्राम दुमझेडा थाना चिलकाना सहारनपुर।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त-**

1. मु0अ0सं0- 148/2004 धारा- 376/511/506 भादवि चालानी थाना चिलकाना सहारनपुर।
2. मु0अ0सं0- 328/2020 धारा- 60 आबकारी अधिनियम चालानी थाना चिलकाना सहारनपुर।
3. मु0अ0सं0- 263/2021 धारा- 8/20 एनडीपीएस एक्ट चालानी थाना चिलकाना सहारनपुर।
4. मु0अ0सं0- 64/2023 धारा- 8/21 एनडीपीएस एक्ट चालानी थाना चिलकाना सहारनपुर।
5. मु0अ0सं0- 134/2023 धारा- 2/3 गैंगस्टर एक्ट चालानी थाना चिलकाना सहारनपुर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का नाम:-**

1. उ0नि0 जितेन्द्र राणा थाना चिलकाना सहारनपुर ।
2. उ0नि0 श्री अशोक शर्मा थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर
3. का0 1034 रविन्द्र कुमार थाना चिलकाना सहारनपुर।
4. का0 2071 मनोज कुमार थाना चिलकाना सहारनपुर।

दिनांक – 16.09.2023

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना मिर्जापुर, सहारनपुर पुलिस द्वारा 01 शातिर नशा तस्कर को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 300 ग्राम चरस बरामद ।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन मे नशीले पदार्थो /अवैध मदिरा तस्करो के विरुद्ध चैकिंग हेतु अभियान चलाया जा रहा है, जिसके क्रम मे, पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी सर्किल बेहट के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री राजेन्द्र प्रसाद वशिष्ट द्वारा गठित पुलिस टीम द्वारा चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन व तलाश वांछित व्यक्ति के दौरान 01 अभियुक्त **उस्मान उर्फ सुम्मी पुत्र यामीन नि0- ग्राम कासमपुर थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर** को चैकिंग के दौरान मिर्जापुर –विकासनगर रोड से कासमपुर जाने वाले रास्ते से हिरासत पुलिस में लेकर तलाशी ली गयी तो अभियुक्त के कब्जे से 300 ग्राम चरस बरामद हुआ । अभियुक्त उस्मान उर्फ सुम्मी उपरोक्त को उसके जुर्म से अवगत कराते हुए गिरफ्तार किया गया । बरामदगी के समबन्ध मे अभियुक्त उस्मान उर्फ सुम्मी के विरुद्ध थाना हाजा पर मु0अ0स0 140/23 धारा 8/20 एनडीपीसीएस एक्ट पंजीकृत कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

पूछताछ करने पर अभियुक्त उस्मान उपरोक्त ने बताया कि मै मजदूरी करता हुँ, पैसो की कमी है, इसलिए मैं पैसे कमाने के लालच में मै उत्तराखण्ड से सस्ते दामो में चरस खरीदता हूँ और अधिक दामो पर बेच देता हुँ। आज मैं अपने यहाँ चरस बेचने जा रहा था कि रास्ते में पुलिस ने मुछे पकड लिये । मैं बेचने वाले का नाम पता नही जानता ।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण के नाम व पता:-**

उस्मान उर्फ सुम्मी पुत्र यामीन नि0- ग्राम कासमपुर थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर

**बरामदगी का विवरण:-**

300 ग्राम चरस

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी:-**

1. प्र0नि0 राजेन्द्र प्रसाद वशिष्ट थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर
2. उ0नि0 असगर अली थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर
3. हेका0 424 संजय धामा थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर
4. का0 2562 रिंकू माहौर थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर
5. का0 2062 अफसर अली थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर

दिनांक – 16.09.2023

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना मिर्जापुर, सहारनपुर पुलिस द्वारा पेड चोरी व नकबजनी की घटना का मात्र 24 घण्टे मे सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्तगण गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की यूकेलिप्टिस की लकडी व सफेद धातु की पाजेब व 1000/- रूपये नकद बरामद ।

अवगत कराना है कि दिनांक 15.09.23 को थाना हाजा पर मांगेराम पुत्र मामराज निवासी ग्राम हसनपुर नौगावा थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर व राहुल कुमार पुत्र शिव कुमार नि0 ग्राम फतेहउल्लापुर जाटोवाला थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर पर उपस्थित थाना आकर प्रा0 पत्र बाबत दिनांक 14/15.09.23 की रात्रि को अज्ञात चोरो द्वारा मागेराम के आठ पेड युकेलिप्टिस व उसके पडोसी मौ0 इरशाद के चार पेड युके लिप्टिस के चोरी व राहुल कुमार उपरोक्त के घर मे अंदर घुसकर अलमारी का लोक तोडकर उसके अन्दर से कलाई पर बांधने की दो घडी व सन्दुक का ताला तोडकर उसके अन्दर से 32 हजार रुपये नकद, दो सोने के कुन्डल व चांदी की बनी दो पाजेब के चोरी होने के सम्बन्ध में दाखिल किया गया । दाखिला प्रा0 पत्र के आधार पर दिनांक 15.09.23 को मागेराम उपरोक्त की तहरीर पर मु0अ0स0 138/23 धारा 379 भादवि व राहुल कुमार की तहरीर के आधार पर मु0अ0स0 139/23 धारा 457/380 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा उक्त चोरी व नकबजनी की घटनाओ की तत्काल संज्ञान लेते हुए घटनाओ के सफल अनावरण करने हेतु निर्देश दिया गये थे, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी महोदय सर्किल बेहट के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री राजेन्द्र प्रसाद वशिष्ट के कुशल नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम द्वारा अन्दर 24 घण्टे के घटना का सफल अनावरण करते हुए अभि0 गण- **1.गालिब पुत्र मुंशी नि0 ग्राम नांगल पट्टी मिलक थाना खिजराबाद उर्फ प्रतापनगर जिला यमुनानगर, 2. फरमान पुत्र इरफान नि0 ग्राम रजापुर नौगांवा थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर** को जसमौर रोड पानी की टंकी नौगावा के पास से मय मु0अ0स0 138/23 धारा 379/411 भादवि व मु0अ0स0 139/23 धारा 457/380/411 भादवि मे चोरी हुई लकडी व सफेद धातु की पाजेब व 1000/- रूपये के साथ घटना में प्रयुक्त पिकअप रंग सफेद बिना नम्बर, जिसका चेसिस नम्बर MAT535348PYF28455 तथा इन्जन न0 5CR09FWXS78327 के साथ गिरफ्तार किया गया । अभि0 गण को बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।

पूछताछ करने पर अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि यह युकेलिपटस की लकडी हमने तथा हमारे साथी नसीम ने रजापुर नौगांवा के जंगल से दिनाकं 14/15.09.23 की रात्रि में चोरी की थी। रास्ते में हमारी गाडी खराब हो गयी थी, इसलिए हम तीनो उस दिन इस लकडी को लेकर नही जा सके थे । इससे पहले दिनाकं

14/15.09.23 की रात्री में ही हम तीनो ने ग्राम जाटोवाला में नदी के किनारे एक मकान में घुसकर ये चाँदी की पाजेब तथा रुपये चोरी किये थे। आज जो चाँदी की पाजेब व पांच पांच सौ रुपये हमसे बरामद हुए है, वह ग्राम जाटोवाला उर्फ फतेहउल्लापुर के मकान में अन्दर अलमारी को तोडकर चोरी किये थे उसी के है। कान के कुंडल और शेष बचे हुए रुपये हमारा साथी नसीम लेकर चला गया था, जो आज हमारे साथ नही आया था। टाटा पिकअप गाडी भी नसीम की है। चोरी करने की नियत से इस गाडी का प्रयोग हम करते है। इसलिए इस पर आगे व पीछे इसका न0 नही लगवाया है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण के नाम व पतेः-</u>**

1.गालिब पुत्र मुंशी नि0 ग्राम नांगल पट्टी मिलक थाना खिजराबाद उर्फ प्रतापनगर जिला यमुनानगर
2.फरमान पुत्र इरफान नि0 ग्राम रजापुर नौगांवा थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर

**<u>बरामदगी का विवरणः-</u>**

अभियुक्त के कब्जे से मु0अ0स0 138/23 धारा 379/411 भादवि में चोरी हुई यूकेलिप्टिस की लकडी व मु0अ0स0 139/23 धारा 457/380/411 भादवि में चोरी हुए सफेद धातु की पाजेब व 1000/- रूपये बरामद

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी</u>-**

1) प्र0नि0 राजेन्द्र प्रसाद वशिष्ट थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर
2) उ0नि0 सतेन्द्र कुमार थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर
3) उ0नि0 भूपेश शर्मा थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर
4) उ0नि0 राममेहर सिंह थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर
5) का0 2445 जयकिशन थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर
6) का0 2561 जयकिशन थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर
7) का0 2566 राकेश कुमार थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर

दिनांक: 16-09-2023

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना बिहारीगढ, सहारनपुर पुलिस द्वारा 03 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का सामान बरामद ।

### बरांमदगीः-

- चार जोड़े छोटी बड़ी पेरों की चुकटी सफेद धातु
- एक अंगूठी पीली धातु पुरूष
- 01 अंगूठी पीली धातु लेडिज
- 03 जोड़े चुकटी सफेद धातु
- 02 जोड़े पाजेब
- एक लाकिट
- एक चैन पतली सफेद धातु
- एक नोट 500 रूपये (पुराना)

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन मे जनपद मे चोरी की घटनाओ को रोकने व चोरी की वारदात करने वाले अपराधियों की धरपकड हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण मे तथा थाना प्रभारी बिहारीगढ के कुशल नेतृत्व मे थाना बिहारीगढ पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 16.09.2023 को मु0अ0स0 85/2023 धारा 380/411 भादवि मे वांछित अभियुक्तगण**- 1. सद्दाम पुत्र रिजवान निवासी शेखू मुजाहिदपुर थाना फतेहपुर सहारनपुर, 2. सागर पुत्र प्रीतम सिंह निवासी ताल्हापुर थाना बिहारीगढ़ सहारनपुर व 3. विशाल उर्फ खटाई पुत्र सुक्कड सिंह निवासी अलीपुर थाना चरथावल मुजफ्फरनगर** को सुन्दरपुर तिराहे से गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से 04 जोड़े छोटी बड़ी पेरों की चुकटी सफेद धातु, एक अंगूठी पीली धातु पुरूष, 01 अंगूठी पीली धातु लेडिज, 03 जोड़े चुकटी सफेद धातु, 02 जोड़े पाएजेब, एक लाकिट व एक चैन पतली सफेद धातु बरामद हुयी है। अभियुक्तगण के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**पूछताछ का विवरणः-** अभियुक्तगण ने पूछताछ पर बताया कि हम लोग नशे के आदि हो गये है। नशे की लत लग गयी है। नशीले पदार्थ खरीदने के लिए पैसे की आवश्यकता होती है। पैसै की पूर्ति करने के लिए हम लोग गाँव में मकानो की रैकी करते है तथा जिस मकान को बन्द देख लेते है, उसी मकान में हम रात को घुसकर चोरी करते है। चोरी के सामान को बाजार में या किसी चलते फिरते आदमी को बेच देते हैं, जिससे हम अपना खर्चा चलाते है। पुलिस के पकडे जाने के डर से जिस गाँव में एक बार चोरी करते हैं, उस गाँव में फिर काफी दिन तक नही जाते है। दिनांक 12.09.2023 को दिन ताल्हापुर गाँव में नवीन के घर की रैकी की थी और फिर रात्रि में हम तीनो ने मिलकर चोरी की थी। मकान मालिक नवीन

अपनी माँ का इलाज कराने के लिए ऋषिकेश गया था। घर पर कोई आदमी नही था। यह बात सागर ने हमे बतायी थी। और फिर हमने योजना बनाकर इस घटना को अंजाम दिया था।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः-**

1. सद्दाम पुत्र रिजवान निवासी शेखू मुजाहिदपुर थाना फतेहपुर सहारनपुर
2. सागर पुत्र प्रीतम सिंह निवासी ताल्हापुर थाना बिहारीगढ़ सहारनपुर
3. विशाल उर्फ खटाई पुत्र सुक्कड सिंह निवासी अलीपुर थाना चरथावल मुजफ्फरनगर

**अभियुक्त सद्दाम उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0स0 111/2019 धारा 379/411 भादवि थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर
2. मु0अ0स0 253/2019 धारा 414 भादवि थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर
3. मु0अ0स0 254/2019 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर
4. मु0अ0स0 461/2020 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर
5. मु0अ0स0 003/2021 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर
6. मु0अ0स0 141/2022 धारा 3/5/8 गौवध अधिनियम थाना बिहारीगढ जनपद सहारनपुर
7. मु0अ0स0 152/2022 धारा 307 भादवि थाना बिहारीगढ जनपद सहारनपुर
8. मु0अ0स0 156/2022 धारा 3/5ए/8 गौवध अधिनियम व 3/11 पशु क्रुरता अधि0 थाना बिहारीगढ, सहारनपुर
9. मु0अ0स0 157/2022 धारा 414 भादवि थाना बिहारीगढ जनपद सहारनपुर
10. मु0अ0स0 228/2022 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना बिहारीगढ जनपद सहारनपुर
11. मु0अ0स0 85/2023 धारा 380/411 भादवि थाना बिहारीगढ जनपद सहारनपुर

**अभियुक्त सागर उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0स0 250/2017 धारा 341, 342, 363, 366, 504, 506 भादवि थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर
2. मु0अ0स0 85/2023 धारा 380/411 भादवि थाना बिहारीगढ जनपद सहारनपुर

**अभियुक्त विशाल उर्फ खटाई उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0स0 133/2023 धारा 332/504 भादवि थाना जनकपुरी जनपद सहारनपुर
2. मु0अ0स0 85/2023 धारा 380/411 भादवि थाना बिहारीगढ जनपद सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी के नामः-**

1. थानाध्यक्ष श्री बीनू सिंह थाना बिहारीगढ, सहारनपुर
2. व0उ0नि0 श्री रामचरन सिंह थाना बिहारीगढ, सहारनपुर
3. उप0निरी0 श्री विनीत चौधरी थाना बिहारीगढ, सहारनपुर
4. उ0नि0 श्री बिजेन्द्र कुमार थाना बिहारीगढ, सहारनपुर
5. का0 2226 अमित कुमार थाना बिहारीगढ, सहारनपुर
6. का0 2201 विपन कुमार थाना बिहारीगढ, सहारनपुर
7. का0 2036 हर्ष तोमर थाना बिहारीगढ, सहारनपुर

दिनांकः 16-09-2023

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना देवबन्द, सहारनपुर पुलिस द्वारा महिलाओ पर अश्लील फब्तिया कसने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में महिला सम्बन्धी अपराधो की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक थाना देवबन्द पुलिस के निकट पर्यवेक्षण मे एण्टीरोमियों टीम थाना देवबन्द द्वारा 01 अभियुक्त **आमिर पुत्र इकबाल निवासी मौहल्ला मीरसराय कस्बा व थाना देवबन्द जिला सहारनपुर** को शास्त्री चौक कस्बा देवबन्द के पास से गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त अभियुक्त आने जाने वाली महिलाओ पर अश्लील इशारे कर अश्लील फब्तियाँ कस रहा था। अभियुक्त आमिर उपरोक्त के विरूद्ध थाना देवबन्द पर मु0अ0सं0- 493/23 धारा 294 भा.द.वि पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

आमिर पुत्र इकबाल निवासी मौहल्ला मीरसराय कस्बा व थाना देवबन्द जिला सहारनपुर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. म0उ0नि0 मनवीरी सिंह थाना देवबन्द जिला सहारनपुर।
2. म0का0 310 राखी थाना देवबन्द जिला सहारनपुर।
3. म0का0 276 अंशिका चौहान थाना देवबन्द जिला सहारनपुर।

दिनांकः 16-09-2023

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना देवबन्द, सहारनपुर पुलिस द्वारा 01 मोबाईल चोर को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि दिनांक 16/09/2023 को वादी मुकदमा परवेज पुत्र श्री कालू निवासी कावली रोड़ गांधी ग्राम व नई बस्ती पार्क रोड़ कोतवाली देहरादून उत्तराखण्ड ने थाने पर आकर लिखित सूचना दी कि वह अपने बालकर की तिमारदारी में डाक्टर रस्तौगी रेलवे रोड़ देवबन्द जनपद सहारनपुर मे लगा हुआ था। उसके पास एक मोबाईल था जो समुन पुत्र फरागत निवासी ग्राम नूनाबढ़ी थाना बडगांव जनपद सहारनपुर ने चोरी कर लिया। जिसके सम्बन्ध में तहरीर के आधार पर थाना देवबंद पर मु0अ0सं0- 492/23 धारा 379/411 भादवि बनाम समुन पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना देवबंद श्री सुबे सिंह के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त **समुन पुत्र फरागत निवासी ग्राम नूनाबढ़ी थाना बडगांव जनपद सहारनपुर** को मय चोरी गये मोबाईल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को समय से माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

**अभियुक्त समून का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 178/2017 धारा 174A IPC चालानी थाना बडगांव जिला सहारनपुर।
2. मु0अ0सं0 159/2021 धारा 379 भादवि चालानी थाना बडगांव जिला सहारनपुर।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः–**

1.समून पुत्र फरागत निवासी ग्राम नूनाबढी थाना बडगाँव जिला सहारनपुर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 बिजेन्द्र धामा थाना देवबन्द जिला सहारनपुर।

2.का0 1610 सन्नी कुमार थाना देवबन्द जिला सहारनपुर।

**दिनांकः 16-09-2023**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना देवबन्द, सहारनपुर पुलिस द्वारा गौकशी करने वाले 10-10 हजार रुपये के 02 इनामी वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी देवबंद श्री सुबे सिंह के कुशल नेतृत्व में देवबन्द पुलिस द्वारा थाना देवबंद पर पंजीकृत मु0अ0सं0-465/23 धारा 307 भादवि , 3/5/8 गौवध अधि0, 11 पशु क्रुरता अधि0 व 3/25/27 आयुध अधि0 से सम्बन्धित फरार अभियुक्तगण **1. सलीम अहमद पुत्र नफीस अहमद 2. सरफराज उर्फ मुन्ना उर्फ बडा पुत्र अनीस निवासीगण ग्राम सांपला खत्री थाना देवबन्द सहारनपुर** जिन पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर द्वारा 10,000/- 10,000/- रुपये का इनाम घोषित किया गया था जिनको आज दिनांक 16.09.2023 को मुखबिर की सूचना पर थाना देवबन्द पुलिस द्वारा सांपला अडडे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को समय से न्यायालय में पेश किया जायेगा।

गिरफ्तार अभियुक्तगणों द्वारा पूछताछ करने पर बताया कि हम दोनो अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर गौकशी करते है तथा गौमांस का व्यापार करते है और जो लाभ होता है उसे आपस मे बराबर बांट लेते है। दिनांक 3.9.23 की रात मे जब हम लोग अहसान उर्फ पोपन के साथ मिलकर गौकशी कर रहे थे तो पुलिस ने हम लोगो को गौकशी करते हुये पकडने की कोशिश की थी तो हम पुलिस पर तमंचो व छुरो से हमला करके भाग गये थे तथा एहसान उर्फ पोपन को पुलिस ने पकड लिया था।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पताः–**

1. सलीम अहमद पुत्र नफीस अहमद निवासी सांपला खत्री थाना देवबन्द जिला सहारनपुर।
2. सरफराज उर्फ मुन्ना उर्फ बडा पुत्र अनीस निवासी ग्राम सांपला खत्री थाना देवबन्द जिला सहारनपुर।

**सलीम अहमद का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0स0 425/16 धारा 3/5/8/ गौवध अधिनियम
2. मु0अ0सं0 465/23 धारा 307 भादवि , 3/5/8 गौवध अधि0 , 11 पशु क्रुरता अधि0 व 3/25/27 आयुध अधि0
3. मु0अ0सं0 1226/18 धारा 138 भारतीय विद्युत अधिनियम

**सरफराज उर्फ मुन्ना उर्फ बडा का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 465/23 धारा 307 भादवि , 3/5/8 गौवध अधि0 , 11 पशु क्रुरता अधि0 व 3/25/27 आयुध अधि0

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

व0उ0नि0 अजय कुमार थाना देवबन्द जिला सहारनपुर।
उ0नि0 आरिफ अली थाना देवबन्द जिला सहारनपुर।
है0का0 254 भूपेन्द्र सिंह थाना देवबन्द जिला सहारनपुर।
है0का0 928 हरिओम थाना देवबन्द जिला सहारनपुर।
है0का0 449 लोकेश कुमनार थाना देवबन्द जिला सहारनपुर।

दिनांकः- 16.09.2023

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना सरसावा, सहारनपुर पुलिस द्वारा चोरी की घटना का 24 घण्टे के अन्दर सफल अनावरण करते हुऐ चार चोरो को चोरी के सामान सहित किया गिरफ्तार

अवगत कराना है दिनांक 15.09.2023 को वादी द्वारा थाना सरसावा पर आकर लिखित सूचना दी कि दिनांक 14.9.23 की रात्रि को अज्ञात चोरो द्वारा वादी के घर में घुस कर सोने की तीन अगूंठी, एक जोडी पायल व करीब 4000/- रू0 चोरी कर लिये। जिसके सम्बन्ध में थाना सरसावा पर मु0अ0सं0 277/2023, धारा 380 भादवि पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर द्वारा घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुऐ घटना का सफल अनावरण व अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये। जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी के निकट पर्यवेणक्ष में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना सरसावा श्री धर्मेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व मे उ0नि0 श्री विकास सिंघल थाना सरसावा द्वारा मय टीम के आज दिनांक 16.09.2023 को 24 घण्टे के अन्दर घटना का सफल अनावरण करते हुऐ अभियुक्तगण **1.सौरभ पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम नाहरपुर माजरी थाना जठलाना, यमुनानगर, हरियाणा, 2.संजू पुत्र पीताम्बर निवासी उपरोक्त, 3.भवंर सिंह उर्फ लाडी पुत्र सतपाल निवासी ग्राम ढिक्का टपरी थाना सरसावा, जनपद सहारनपुर, 4.सुमित पुत्र कुलदीप निवासी उपरोक्त** को मय चोरी किये गये पीली धातु की तीन अंगूठी, एक जोडी सफेद धातु की पायल के भिक्खनपुर रेलवे अण्डर पास के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को समय से मा0न्या0 के समक्ष पेश किया जायेगा।

अभियुक्तगण ने पूछताछ करने पर बताया कि अभियुक्त सुमित मुकदमा वादी के परिवार मे से है, जिसका पहले से ही उस घर में आना जाना था, जिसे घर के सभी सामान के बारे में पहले से जानकारी थी, हम चारो आपस में दोस्त है तथा नशा करने के आदी है नशे की जरूरत को पूरा करने के लिए ही हम चारों ने मिलकर योजना बनाकर चोरी की थी।

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

1. सौरभ पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम नाहरपुर माजरी थाना जठलाना, यमुनानगर, हरियाणा
2. संजू पुत्र पीताम्बर निवासी ग्राम नाहरपुर माजरी थाना जठलाना, यमुनानगर, हरियाणा
3. भवंर सिंह उर्फ लाडी पुत्र सतपाल निवासी ग्राम ढिक्का टपरी थाना सरसावा, जनपद सहारनपुर
4. सुमित पुत्र कुलदीप निवासी ग्राम ढिक्का टपरी थाना सरसावा, जनपद सहारनपुर

### बरामदगी का विवरणः-

- 03 अंगूठी पीली धातु
- 01 पायल जोडी सफेद धातु

### अभियुक्त भवंर सिंह उर्फ लाडी का आपराधिक इतिहासः-

1. मु0अ0सं0–182/22 धारा 379,411 भादवि थाना सरसावा स0पुर

2. मु0अ0सं0–277/23 धारा 380,411 भादवि थाना सरसावा स0पुर

**अभियुक्त सुमित का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0–182/22 धारा 379,411 भादवि थाना सरसावा स0पुर
2. मु0अ0सं0–277/23 धारा 380,411 भादवि थाना सरसावा स0पुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. उ0नि0 श्री विकास सिंघल, थाना सरसावा जनपद – सहारनपुर
2. उ0नि0 श्री राजीव कुमार, थाना सरसावा जनपद – सहारनपुर
3. हे0कां0 951 सुधीर उज्जवल, थाना सरसावा जनपद – सहारनपुर
4. हे0कां0 952 अमित मलिक, थाना सरसावा जनपद – सहारनपुर
5. कां0 1831 सरल प्रताप सिंह, थाना सरसावा जनपद – सहारनपुर ।